# बद्रीनाथ मास्टर प्लान

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री कार्यालय में उप-सचिव मंगेश घिल्डियाल ने बद्रीनाथ का दौरा कर बद्रीनाथ मास्टर प्लान के तहत किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

## प्रमुख बिंदु

- घिल्डियाल ने बद्रीनाथ मंदिर परिसर, माना बाइपास, बद्रीश और शेषनाग झील, अलकनंदा नदी तट, साकेत चौराहा, अस्पताल, बस स्टेशन और आसपास के अन्य स्थलों सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर प्लान में निर्धारित सभी परियोजनाओं को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया।
- गौरतलब है कि मास्टर प्लान प्रोजेक्ट के सभी कार्यों को तीन चरणों में पूरा किया जाना है-
    - पहले चरण में लेक फ्रंट डेवलपमेंट, रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, अराइवल प्लाजा, सिविक एमेनिटी सेंटर, लूप रोड, अस्पताल का विस्तार और बीआरओ रोड जैसे कार्यों का निष्पादन शामिल होगा।
    - दूसरे चरण में बद्रीनाथ मंदिर के आस-पास स्थित स्थलों का विकास होगा।
    - तीसरे चरण में सरोवर से लेकर मंदिर तक आस्था पथ निर्माण व अन्य कार्य शामिल होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/badrinath-master-plan